
# लक्ष्य स्पष्ट है तो सफलता अवश्य मिलेगी : कुलपति




गुरुकुल के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करतीं कुलपति प्रो. सुदेश । संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुलपति प्रो. सुदेश ने वीरवार को नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। साधनों के अभाव में उन्नति कभी नहीं रुकती है।

कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं का आह्वान किया कि वह आधुनिकता के फेर में पड़कर अपनी मूल परंपरा को ना भूलें। इसके साथ ही उन्होंने गुरुकुल परिसर में पौधरोपण भी किया। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्राचार्य सुमिता सिंह ने पुष्प गुच्छ व पौधा भेंट कर कुलपति का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए आरओ सहित वाटर कूलर, आधुनिक सीसीटीवी प्रणाली, टाइल वर्क के अलावा दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप का निर्माण शामिल है। इसके बाद कुलपति प्रो सुदेश ने विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर-10 मीराबाई छात्रावास के नवीनीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया।

# महिला विश्वविद्यालय में योग क्लब 'नमस्ते योग' स्थापित

गोहाना, 25 जुलाई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने योग क्लब 'नमस्ते योग' का उद्घाटन किया। यह योग क्लब महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन, दोनों मोड में चलाया जाएगा।



*संबोधित करते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश।*

प्रो. सुदेश ने कहा कि योग हमारे चित्त को स्थिर रखने में सहायक है तथा इसका नियमित अभ्यास हमें तनाव मुक्त रखता है। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

खेल निदेशक एवं योग क्लब की सचिव डॉ सुमन दलाल ने कहा कि इस योग क्लब द्वारा नियमित कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें साधकों को योग की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डॉ. कुलदीप सिंह और मनीता भी मौजूद रहे।

# महिला विवि के कन्या गुरुकुल व हॉस्टल का होगा नवीनीकरण

भास्कर न्यूज | गोहाना

बीपीएस महिला विवि में गुरुवार को कुलपति प्रो. सुदेश ने कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए आरओ, वाटर कूलर, आधुनिक सीसीटीवी प्रणाली, टाइल वर्क, दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप का निर्माण शामिल है। महिला विवि में हॉस्टल नंबर-10 मीराबाई छात्रावास का नवीनीकरण किया जाएगा।

उन्होंने विवि परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विवि में योगा क्लब नमस्ते योग का भी उद्घाटन किया। योगा क्लब विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में चलाया जाएगा। क्लब का उद्देश्य शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है। मौके पर खेल निदेशक डॉ. सुमन दलाल, खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डॉ. कुलदीप सिंह, मनीता, प्राचार्या सुमिता सिंह, डीन फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, चीफ वार्डन डॉ. सुमन दलाल, एक्सईएन विकास दहिया, वार्डन नरेश, रेखा मौजूद थे।

# योग क्लब 'नमस्ते योग' की हुई स्थापना

जासं. गोहाना: खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सुदेश ने योग क्लब 'नमस्ते योग' का शुभारंभ किया। यह योग क्लब महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आनलाइन व आफलाइन दोनों स्तर पर चलाया जाएगा। इस क्लब का उद्देश्य शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि योग हमारे चित्त को स्थिर रखने में सहायक है तथा इसका नियमित अभ्यास हमें तनाव मुक्त रखता है। खेल निदेशक एवं योग क्लब की सचिव डा. सुमन दलाल ने कहा कि क्लब की तरफ से नियमित कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें साधकों को योग की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर खेल निदेशक डा. सुमन दलाल, खेल प्रभारी डा. संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डा. कुलदीप सिंह व मनीता मौजूद रहे।

# आधुनिकता के फेर में न भूलें मूल परंपराएं : प्रो. सुदेश




विश्वविद्यालय में नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करतीं कुलपति प्रो सुदेश • सौ. सुधी पाठक

जागरण संवाददाता, गोहाना: कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुलपति प्रो. सुदेश ने बृहस्पतिवार को नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण किया, जिसके बाद उन्होंने पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। कुलपति ने छात्राओं का आह्वान किया कि वह आधुनिकता के फेर में पड़कर अपनी मूल परंपरा को न भूलें। प्राचार्य सुमिता सिंह ने बताया कि नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए आरओ सहित वाटर कूलर, आधुनिक सीसीटीवी कैमरा प्रणाली, टाइल वर्क के अलावा दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप आदि निर्माण शामिल है। इसके बाद कुलपति प्रो. सुदेश द्वारा विश्वविद्यालय के हास्टल नंबर-10 मीराबाई छात्रावास के नवीनीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया।

# साधनों के अभाव में नहीं रुकती उन्नति, लक्ष्य स्पष्ट तो सफलता सुनिश्चित: प्रो. सुदेश

## वी.सी. ने छात्राओं से कहा: आधुनिकता के फेर में अपनी मूल परंपराओं को न भूलें

गोहाना, 25 जुलाई (अरोड़ा): अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। साधनों के अभाव में उन्नति कभी नहीं रुकती। यह उद्गार गुरुवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए।

प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विश्वविद्यालय की नींव है। यह वैदिक परंपरा, जन भागीदारी और सामाजिक त्याग की अनोखी मिसाल है। उन्होंने यहां की गौरवशाली परंपराओं से प्रेरणा लेकर महिला सशक्तिकरण में योगदान देने का संकल्प लेने की बात कही।

प्रो. सुदेश ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे आधुनिकता के फेर में पड़कर अपनी मूल परंपराओं को न भूलें। उन्होंने कन्या गुरुकुल परिसर में पौधारोपण भी किया। इससे पहले विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर वी.सी. का अभिनंदन किया।





*(ऊपर) कन्या गुरुकुल के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण तथा (नीचे) पौधारोपण करते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश।* (अरोड़ा)

सुमिता सिंह ने कहा कि नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आर.ओ. सहित वाटर कूलर, आधुनिक सी.सी.टी.वी. प्रणाली, टाइल वर्क के अलावा दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर छात्राओं ने एक भजन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

तत्पश्चात वी.सी. प्रो सुदेश ने विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर-10 के मीराबाई छात्रावास के नवीनीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, चीफ वार्डन डॉ. सुमन दलाल, एक्स.ई.एन. विकास दहिया, वार्डन नरेश, रेखा, सुनील, निर्मला, राजबाला आदि भी उपस्थित रहे।

# कुलपति प्रो. सुदेश ने किया विद्यालय के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण



नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करती हुई महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश।

गोहाना, 25 जुलाई (रामनिवास धीमान): अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। साधनों के अभाव में उन्नति कभी नहीं रुकती। यह उद्गार उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विश्वविद्यालय की नींव है। यह वैदिक परंपरा, जन भागीदारी और सामाजिक त्याग की अनोखी मिसाल है। कुलपति ने छात्राओं का आह्वान किया कि वह आधुनिकता के फेर में पड़कर अपनी मूल परंपरा को न भूलें। कुलपति प्रो सुदेश ने कन्या गुरुकुल परिसर में पौधारोपण भी किया। इससे पहले विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्राचार्य सुमिता सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर कुलपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्राचार्य सुमिता सिंह ने स्वागत संबोधन किया तथा बताया कि नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए आरओ सहित वाटर कूलर, आधुनिक सीसीटीवी प्रणाली, टाइल वर्क के अलावा दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर छात्राओं ने एक भजन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रो रवि भूषण, डॉ. सुमन दलाल, एक्सईन विकास दहिया, वार्डन नरेश, रेखा, सुनील, निर्मला, राजबाला सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी, हॉस्टल स्टॉफ तथा छात्राएं उपस्थित रही।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
26-Jul-2024
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20240726/27/9/1_1.cms




उपस्थिति को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

# कुलपति प्रो. सुदेश ने विश्वविद्यालय के योग क्लब 'नमस्ते योग' का किया उद्घाटन

गोहाना, 25 जुलाई (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश द्वारा गुरुवार को महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मोड में चलाने हेतु विश्वविद्यालय के योग क्लब 'नमस्ते योग' का उद्घाटन किया। इस क्लब का उद्देश्य शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुदेश ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे चित्त को स्थिर रखने में सहायक है तथा इसका नियमित अभ्यास हमें तनाव मुक्त रखता है। खेल निदेशक एवं योग क्लब की सचिव डॉ सुमन दलाल ने कहा कि बताया कि क्लब द्वारा नियमित कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें साधकों को योग की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ सुमन दलाल, खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डॉ. कुलदीप सिंह व मनीता सहित शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मी उपस्थित रहे।

अजीत समाचार
26-Jul-2024
Page: 11
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240726/27/11/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 26-07-2024 - 26 Jul 2024 - Page 1

# महिला विवि में योग क्लब 'नमस्ते योग' का उद्घाटन



गोहाना। महिला विवि में योग क्लब नमस्ते योग के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) की कुलपति प्रो. सुदेश ने गुरुवार को विवि के योग क्लब नमस्ते योग का उद्घाटन किया। यह योग क्लब महिला विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों मोड में चलाया जाएगा। इस क्लब का उद्देश्य शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है। कुलपति प्रो. सुदेश ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे चित्त को स्थिर रखने में सहायक है तथा इसका नियमित अभ्यास हमें तनाव मुक्त रखता है। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। खेल निदेशक एवं योग क्लब की सचिव डॉ. सुमन दलाल ने कहा कि इस योग क्लब की स्थापना कुलपति प्रो. सुदेश की प्रेरणा से की गई है। क्लब द्वारा नियमित कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. सुमन दलाल, खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डॉ. कुलदीप सिंह व मनीता सहित शिक्षक एवं गैर शिक्षककर्मी उपस्थित रहे।

- अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करना आवश्यक : प्रो. सुदेश

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 26-07-2024 - 26 Jul 2024 - Page 3

# सफलता के लिए लक्ष्य तय करें : वीसी

■ कुलपति प्रो. सुदेश ने नवीनीकरण कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। साधनों के अभाव में उन्नति कभी नहीं रुकती। यह उद्गार गुरुवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए।

प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विश्वविद्यालय की नींव है। यह वैदिक परंपरा, जन भागीदारी और सामाजिक त्याग की अनोखी मिसाल है। यहां की गौरवशाली परंपराओं से प्रेरणा लेकर महिला सशक्तिकरण में योगदान देने का संकल्प लेने की बात कही। प्रो. सुदेश ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे आधुनिकता के फेर में पडक़र अपनी मूल परंपराओं को न भूलें। उन्होंने कन्या गुरुकुल परिसर में पौधारोपण भी किया।

इससे पहले विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्राचार्या सुमिता सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर कुलपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक भजन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



नवीनीकरण कार्यों का लोकापर्ण करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

## नवीनीकरण कार्यों का लोकापर्ण

कुलपति प्रो. सुदेश ने विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर-10 के मीराबाई छात्रावास के नवीनीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल, एक्सईएन. विकास दहिया, वार्डन नरेश, रेखा, सुनील, निर्मला, राजबाला आदि भी उपस्थित रहे।

TW Products Virtual Pavilion
Help global buyers find Taiwan auto parts manufacturers, suppliers, trade leads etc.
Visit Auto & Motorcycle Parts Virtual Pavilion
Taiwantrade
Learn More



Hindi News

# पारंपरिक खेलों में भाग लेकर भारतीय संस्कृति से रूबरू हुए कैंपस स्कूल के विद्यार्थी

Girish Saini Jul 25, 2024 12:48



We are 600+ family strong
Yours could be next
HAMPTON HOMES

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में बुधवार को भारतीय पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्राचार्या डॉ सरोज सिंह ने बताया कि भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मना रहा है। यह आयोजन विद्यार्थियों में परिवर्तनशील विचारधारा को विकसित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। सीबीएसई द्वारा निर्देशित श्रृंखला की इसी कड़ी में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया।

Skyscanner
New Delhi to Bengaluru from Rs8,339 Book now
Guwahati to Shillong from Rs688 Book now
New Delhi to Srinagar from Rs6,752 Book now

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने आयोजक टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेल न केवल भारतीय संस्कृति के विकास में सहायक हैं, बल्कि विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के शिक्षक डॉ. दीपक ढाका के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने बिल्ली बांदरी, रुमाल दाऊ, लंगड़ी टांग, पिट्ठू, विष-अमृत, रस्सी कूद, पोसमपा तथा ऊंच-नीच जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। /(24/07/2024)

Tags: Campus School students | Indian culture | traditional games

PREVIOUS ARTICLE
भाषण प्रतियोगिता में भूमिका, कविता पाठ में अनुष्का, निबंध लेखन में अनु और आंन द...

NEXT ARTICLE
गरीब के सर पर छत उपलब्ध करवाने में बजट होगा मददगार। सीएम नायब सिंह सैनी

## RELATED POSTS



वेद प्रचार मंडल पंजाब द्वारा अन्तः विद्यालय वैदिक भाषण...



केंद्रीय बजट ने हरियाणा को ठेंगा दिखाया: रणसिंह मान



सेंटर फॉर बायो इकोनॉमी एंड सस्टेनेबिलिटी स्थापित करने के...

## COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment

FRIDAY 26TH OF JULY 2024 10:45:01 AM

LAST UPDATED ON: 25-07-2024 11:55:08 PM

exness
Discover seamless withdrawals

POPULAR POSTS
Weekly Posts
Shocking drama unfolds in Sony SAB's 'Pushpa Impossible'...
BJP will continue stir till K'taka CM quits: LoP Ashoka...
ED conducting an honest investigation in Tibral Welfare...
Sony SAB's Wagle Ki Duniya: Will Atharva manage to shine...
Lalu Prasad Yadav slams Nitish Kumar over poor law & order...

FOLLOW US
Facebook
X (Twitter)
Linkedin
Youtube
Email

RECOMMENDED POSTS
Opinion
IANS Interview: Harbhajan Singh talks Budget, cricket,...
IANS Interview: No religion is as liberal as Sanatan Dharma,...
FairPoint: Indian forces set to clean Jammu areas, nip...
IANS Interview: PM Modi wants India to become a 'developed...
IANS Interview: Phone-tapping controversy must be thoroughly...
With 'The Heist', Nad Sham shines in thrilling debut -...

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: Techieformation

# साधनों के अभाव में नहीं रुकती उन्नति, लक्ष्य स्पष्ट तो सफलता सुनिश्चित




गोहाना मुद्रिका, 25 जुलाई : अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। साधनों के अभाव में उन्नति कभी नहीं रुकती। यह उद्गार गुरुवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए।

प्रो सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विश्वविद्यालय की नींव है। यह वैदिक परंपरा, जन भागीदारी और सामाजिक त्याग की अनोखी मिसाल है। उन्होंने यहां की गौरवशाली परंपराओं से प्रेरणा लेकर महिला सशक्तिकरण में योगदान देने का संकल्प लेने की बात कही। प्रो. सुदेश ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे आधुनिकता के फेर में पड़कर अपनी मूल परंपराओं को न भूलें। उन्होंने कन्या गुरुकुल परिसर में पौधारोपण भी किया। इससे पहले विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रिंसिपल सुमिता सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर वी.सी. का अभिनंदन किया।

सुमिता सिंह ने कहा कि नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आर.ओ. सहित वाटर कूलर, आधुनिक सी.सी.टी.वी. प्रणाली, टाइल वर्क के अलावा दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर छात्राओं ने एक भजन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

तत्पश्चात वी.सी. प्रो सुदेश ने विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर-10 के मीराबाई छात्रावास के नवीनीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल, एक्स.ई.एन. विकास दहिया, वार्डन नरेश, रेखा, सुनील, निर्मला, राजबाला आदि भी उपस्थित रहे।

# महिला विश्वविद्यालय में योग क्लब नमस्ते योग स्थापित

गोहाना मुद्रिका, 25 जुलाई : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने योग क्लब 'नमस्ते योग' का उद्घाटन किया। यह योग क्लब महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मोड में चलाया जाएगा। प्रो. सुदेश ने कहा कि योग हमारे चित्त को स्थिर रखने में सहायक है तथा इसका नियमित अभ्यास हमें तनाव मुक्त रखता है। खेल निदेशक एवं योग क्लब की सचिव डॉ सुमन दलाल ने कहा कि इस योग क्लब द्वारा नियमित कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डॉ. कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

# बीपीएसएमवी में योग क्लब 'नमस्ते योग' का उद्घाटन

## योग का नियमित अभ्यास तनाव मुक्त रखने में सहायक: कुलपति प्रो. सुदेश

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने वीरवार को विवि के योग क्लब 'नमस्ते योग' का उद्घाटन किया। यह योग क्लब शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों मोड में चलाया जाएगा। इस क्लब का उद्देश्य शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्राओं को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है।

कुलपति प्रो. सुदेश ने योग को चित्त को स्थिर रखने में सहायक बताते हुए कहा कि इसका नियमित अभ्यास हमें तनाव मुक्त रखता है। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।




खेल निदेशक एवं योग क्लब की सचिव डॉ सुमन दलाल ने कहा कि इस योग क्लब द्वारा नियमित कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें साधकों को योग की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया जाएगा।

इस दौरान खेल प्रभारी डॉ संजीत मलिक, योग प्रशिक्षक डॉ कुलदीप सिंह व मनीता सहित शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मी मौजूद रहे।

# महिला विश्वविद्यालय में विभिन्न नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण



**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** अगर हमारा लक्ष्य स्पष्ट है तो हमें सफलता अवश्य मिलेगी। साधनों के अभाव में उन्नति कभी नहीं रुकती। यह उद्गार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने आज कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए।

अपने प्रभावशाली संबोधन में कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विश्वविद्यालय की नींव है। यह वैदिक परंपरा, जन भागीदारी और सामाजिक त्याग की अनोखी मिसाल है। उन्होंने उपस्थित जन को यहां की गौरवशाली परंपरा से प्रेरणा लेकर महिला सशक्तिकरण में योगदान देने का संकल्प लेने की बात कही। कुलपति ने छात्राओं का आह्वान किया कि वह आधुनिकता के फेर में पड़कर अपनी मूल परंपरा को न भूलें। कुलपति प्रो सुदेश ने कन्या गुरुकुल परिसर में पौधारोपण भी किया। इससे पहले विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्राचार्य सुमिता सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंट कर कुलपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्राचार्य सुमिता सिंह ने स्वागत संबोधन करते हुए बताया कि नवीनीकरण कार्यों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए आरओ सहित वाटर कूलर, आधुनिक सीसीटीवी प्रणाली, टाइल वर्क के अलावा दिव्यांग छात्राओं के सुगम आवागमन के लिए रैंप का निर्माण शामिल है। उन्होंने इन नवीनीकरण कार्यों का श्रेय कुलपति प्रो सुदेश के कुशल मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं प्रेरणा से विद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस दौरान छात्राओं ने एक भजन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। तत्पश्चात कुलपति प्रो सुदेश ने विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर-10 मीराबाई छात्रावास के नवीनीकरण कार्यों का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर डीन फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, चीफ वार्डन डॉ सुमन दलाल, कन्या गुरुकुल की प्राचार्या सुमिता सिंह, एक्सईन विकास दहिया, वार्डन नरेश, रेखा, सुनील, निर्मला, राजबाला सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी, हॉस्टल स्टाफ तथा छात्राएं मौजूद रही।